Title: Need to provide a railway halt at Karu Khirhar Nagar between Saharsa and Baijnathpur railway junction, Bihar.

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) :** सभापति महोदय, बिहार राज्य के सहरसा शहर की आबादी लगभग 3 लाख एवं इसका क्षेत्र विस्तार 5-6 कि.मी. होने से सहरसा शहर के पूर्वी हिस्से में रेल का ठहराव नहीं होने से उस क्षेत्र के रेल यात्रियों को काफी असुविधा होती है। रात्रि में दस बजे के बाद इस क्षेत्र के रेल यात्री जब सहरसा जंक्शन पर उतरते हैं तो रात भर घर नहीं जाकर स्टेशन पर ही रहना पड़ता है।

अतः आग्रह है कि रेल विभाग पूर्व-मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत सहरसा जंक्शन से बैजनाथपुर स्टेशन के बीच पोलिटेकनिक के आगे कारू खिरहर नगर पर रेलवे हाल्ट का निर्माण शीघ्र करायें।

---